FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

राष्ट्रीय लोक अदालत ताल्लुका खेतड़ी जिला नीमकाथाना (राज.)

दिनांक 13.07.2024 (शनिवार)

लोक अदालत बैंच न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खेतड़ी

मिसल नम्बरः– 73 / 2024 GCMS No. 2024/206

किस्म प्रार्थना–पत्रः– अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट 1956

रमेश कुमार पुत्र स्व.श्री चिंरजीलाल पौत्र गोपी निवासी ठाठवाड़ी तह.खेतड़ी जिला नीमकाथाना (राज0) व अन्य

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (भू.अ.)खेतड़ी

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी जिला नीमकाथाना (राज.)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.07.24	आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत ताल्लुका खेतड़ी न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खेतड़ी के समक्ष पेश हुई। उभय पक्षकारान उपस्थित। तहसीलदार खेतड़ी से जांच रिपोर्ट ली गई। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात् का ध्यानपूर्वक अवलोकन मनन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से पाया कि राजस्व ग्राम ठाठवाड़ी की जमाबन्दी संवत 2012 से 2015 के खाता संख्या 12 / 3 में प्रार्थीगण के हक पूर्वाधिकारियों की जाति **महाजन** दर्ज रिकार्ड है, जिसे संवत 2033 से 2036 तक की जमाबन्दी के खाता संख्या 37 में **अहीर** दर्ज कर दिया गया, जो एक लिपिकीय त्रुटि है। अतः उपरोक्त विवेचन स्वरूप तहसीलदार खेतड़ी की जांच रिपोर्ट क्रमांक भू.अ. / 2024 / 2373 दिनांक 10.07.2024 के आधार पर प्रार्थीगण का हस्तगत प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है। --:आदेशः-- अतः प्रार्थीगण का हस्तगत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वाके राजस्व ग्राम ठाठवाड़ी तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत 2071–2074 के हाल खाता संख्या 30 में दर्ज वर्तमान प्रविष्टि जाति अहीर (यादव) को **जाति महाजन** दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का आदेश दिया जाता है। खाते की शेष प्रविष्टियां यथावत रहेगीं। भूमि पर रहन यदि कोई हो तो, रहन मुक्त होने पर ही आदेश की पालना हो। उक्तानुसार पालना हेतु तहसीलदार (भू.अ.) खेतड़ी को आदेश की प्रति सहित तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज राष्ट्रीय लोक अदालत ताल्लुका खेतड़ी कैम्प कोर्ट खेतड़ी में दिनांक 13.07.2024 को मजमें आम में सुनाया गया। (संजय सुरोलिया) सदस्य अधिवक्ता 13.7.24 (सविता शर्मा) सदस्य उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी **उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी** (सीमा कुमारी) अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खेतड़ी	तहरीर 246 15.7.24